**कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,**
**जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश**
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

**Ph: +91-761-2997584** **E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com**

**क्रमांक—संयु.संचा. / क्षेकाज / स्थाप / मे.प्र. / 2026 /** 463 **/ जबलपुर, दिनांक—** 10-04-2026
**प्रति,**

**आयुक्त,**
जनसम्पर्क संचालनालय
टैगोर मार्ग, बाणगंगा
भोपाल, मध्य प्रदेश — 462003

**विषयः— जबलपुर क्षेत्र की आईटीआई में मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जबलपुर क्षेत्र स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों के विरुद्ध प्रशिक्षण कार्य के लिए मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति की 5 प्रतियां संलग्न कर प्रेषित है। कृपया विज्ञप्ति को जबलपुर क्षेत्र के लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 15/04/26 को प्रकाशित करने का कष्ट करें।
**संलग्न उपरोक्तानुसार।**

10/04/2026
**संयुक्त संचालक**
**कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,**
**जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)**

**क्रमांक—संयु.संचा. / क्षेकाज / स्थाप / मे.प्र. / 2026 /** 464 **/ जबलपुर, दिनांक—** 10-04-2026
**प्रतिलिपि—**
1— संचालक कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
2— प्राचार्य / संस्था प्रमुख, शासकीय आई.टी.आई. संभागीय जबलपुर / तेंदुखेड़ा जिला नरसिंहपुर की ओर सूचनार्थ विज्ञप्ति की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि विज्ञप्ति की प्रति सूचना पटल पर चस्पा करें।

10/04/2026
**संयुक्त संचालक**
**कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,**
**जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)**

MPPLR

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
# जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश

प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

**Ph: +91-761-2997584** **E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com**


## मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु दिशा–निर्देश

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संयुक्त संचालक, कौशल विकास जबलपुर क्षेत्र, जबलपुर मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु सत्र 2025–26 में जिन पदों का विज्ञापन पूर्व में जारी नहीं हो पाया था अथवा जिन व्यवसायों में न्यून आवेदन/कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे, उन पदों हेतु मेहमान प्रवक्ताओं के ऑफलाइन आवेदन पुनः आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक संयुक्त संचालक, कौशल विकास, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर क्षेत्र, जबलपुर में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**1. विज्ञापनः**

कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक–कौविसं/ई–गवर्नेस/मेह. प्रव./2025 /941/भोपाल, दिनांक 02.07.2025 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता की रिक्तियों में दिए गए आरक्षण रोस्टर अनुसार विज्ञापन किया जा रहा है।

(A) म.प्र.शासन, सा.प्र. विभाग द्वारा जारी नवीनतम 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर दिनांक 24.12.2019 (मध्यप्रदेश राजपत्र सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल दिनांक 24 दिसम्बर 2019) अनुसार आरक्षण, (जिसमें SC-16%, ST-20%, OBC-27% आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को 10% आरक्षण दिया गया है)

(C) महिलाओं के लिए 35% होरिजोन्टल आरक्षण।

(D) दिव्यांगजनों के लिए 6% होरिजोन्टल आरक्षण (शासन के नवीन निर्देशानुसार अब 03 की जगह 04 प्रकार की दिव्यांगता अधिसूचित की गई है)

मेहमान प्रवक्ताओं की व्यवस्था संस्थाओं में तुरन्त तात्कालिक रूप से करनी होती है। अतः महिला व दिव्यांगजन उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर पदों को संबंधित श्रेणी के ओपन केटेगरी से सीटों को भरा जा सकेगा।

**2. रिक्त पदों की आरक्षणवार जानकारीः**

रिक्त पदों की आई. टी. आई. वार एवं व्यवसाय–वार तथा आरक्षण वार जानकारी निम्नानुसार है :–

| स. क्रं | जिला | शासकीय आईटीआई | व्यवसाय | रिक्त पद | आरक्षण श्रेणी | महिला आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जबलपुर | संभागीय जबलपुर | ओल्ड एज केयर | 01 | अनारक्षित | ओपन |
| 2 | नरसिंहपुर | श्तेंदुखेड़ा (नरसिंहपुर) | फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन | 01 | अनुसूचित जनजाति | ओपन |

**3. आवेदन शुल्कः**

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

**4. आयु सीमा :–**

ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक न्युनतम 18 वर्ष, अधिकतम आयुसीमा 62 वर्ष होगी।

***(तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र एफ–02–02/2022/42 भोपाल दिनाँक 10.11.2023 के अनुसार अधिकतम आयुसीमा 62 वर्ष होगी)***

MPPLR

प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

Ph: +91-761-2997584 E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com


**5. तकनीकी / शैक्षणिक अर्हताएँ :–**

मेहमान प्रवक्ताओं की तकनीकी शैक्षणिक योग्यता म०प्र० औद्योगिक प्रशिक्षण अराजपत्रित तृतीय सेवा भर्ती नियम 2009 संशोधन दिनांक 26 सितम्बर 2018 की अनुसूची तीन के अनुसार एवं शेष व्यवसाय शैक्षणिक तकनीकी योग्यता डीजीटी द्वारा निर्धारित निम्नानुसार योग्यता मान्य होंगी।

| क्रं. | व्यवसाय | न्यूनतम शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हतायें |
|---|---|---|
| 1 | शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में ओल्ड एज केयर व्यवसाय | हाई स्कूल अथवा समतुल्य अथवा पुरानी पद्धति से 11 वी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ संबंधित ट्रेड में एन.सी.व्ही.टी. / एस.सी.व्ही.टी से ए. आई.टी.टी. (आई.टी.आई) / एनएसी (शिक्षुता) परीक्षा उत्तीर्ण.<br>अथवा<br>एआईसीटीई / यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय बोर्ड से साइक्लॉजी / नर्सिंग में स्नातक उपाधिं अथवा डिप्लोमा |
| 2 | शासकीय आईटीआई तेंदुखेड़ा (नरसिंहपुर) में फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन व्यवसाय | B.Voc/Degree in physiotherapy from UGCrecognised university/ board<br>OR<br>Diploma(Minimum 2 years) in physiotherapy from recognised university/ board of education or relevant Advanced Diploma (Vocational) from DGT<br>OR<br>NTC/NAC passed in the Trade of "Physiotherapy Technician" |

MPPLR

नोट :–

- डिग्री / डिप्लोमा के अतिरिक्त अन्य अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने की स्थिति में भी मेरिट सूची में डिग्री / डिप्लोमा धारियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। डिग्री / डिप्लोमा धारियों के उपलब्ध न होने की स्थिति में ही अन्य शैक्षणिक योग्यता धारियों को आमंत्रित किया जाएगा।
- आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन में Base Qualification का चयन करना होगा।

**6. ऑफलाइन आवेदन कैसे प्रस्तुत करें :–**

a. ऑफलाइन आवेदन हेतु आवेदक का मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

b. आवेदक द्वारा संलग्न निर्धारित आवेदन–प्रारूप में चाही गई समस्त जानकारी पूर्ण रूप से भरकर आवेदन में अपेक्षित समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न की जाएँ।

c. आवेदन एवं संलग्न समस्त दस्तावेजों का विवरण पृष्ठवार इंडेक्स (कवर पृष्ठ) में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

d. प्रत्येक रिक्त पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न पते पर प्रेषित / जमा किया जाएगा।

# कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश

प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

**Ph: +91-761-2997584** **E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com**

कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड,
माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002

**7. आई.टी.आई. एवं व्यवसाय (ट्रेड) की वरीयता :–**

मेहमान प्रवक्ताओं के चयन में आई.टी. आई. एवं व्यवसाय का आवंटन मेरिट एवं आवेदक द्वारा दर्शित वरीयता क्रम में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण अनुसार किया जावेगा।

**8. आवेदन की जाँच :–**

आवेदकों के आवेदन की संयुक्त संचालक द्वारा गठित समीति द्वारा जाँच की जावेगी। जाँच हेतु आवेदकों से प्राप्त आवेदन एवं संबंधित सह दस्तावेज में दी गयी जानकारी का मिलान किया जावेगा, समस्त जानकारी का मिलान होने पर आवेदन का अनुमोदन/मिलान ना होने पर रिजेक्ट की टीप दर्ज किया जावेगा। आवेदन के मिलान की पुष्टि होने पर ही आवेदन मान्य होगा। अतः समस्त आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे आवेदन एवं सह दस्तावेज प्रस्तुत करते समय पूर्ण सावधानी रखें, आवेदन में चाहे गए समस्त दस्तावेज की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि आवश्य सलग्न करें एवं त्रुटिपूर्ण/असत्य जानकारी ना देवें। आवेदक द्वारा असत्य जानकारी देने की दशा में आवेदक पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

**9. वरीयता सूची का प्रकाशन :–**

गेस्ट फैकल्टी प्रक्रिया में केवल वरीयता सूची का प्रकाशन किया जावेगा पृथक से कोई भी चयन सूची का प्रकाशन नहीं किया जावेगा। विज्ञापन अनुसत्र आईटीआई वार एवं व्यवसाय–वार प्रत्येक पद हेतु वरीयता सूची (जिसमें केवल वे आवेदक होंगे जिनके आवेदन के जाँच की पुष्टि समीति द्वारा की गई हो) www.mpskills.gov.in पद पोर्टल के Contents & Publication पर उपलब्ध रहेगी। आवेदक को व्यवसाय से संबंधित शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा/डिग्री अथवा आई.टी.आई. व उच्च अर्हता तथा अनुभव के आधार पर मार्किंग निम्नानुसार होगी :–

| S.N. | Component | Description | Weightage |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक तकनीकी योग्यता | इंजी. डिप्लोमा/डिग्री **अथवा** आई.टी.आई (Base Qualification) के प्रतिशत का पूर्णांक x 0.7 | अधिकतम 70 अंक |
| 2 | उच्चतर योग्यता | (ATI/CTI/ITW/ITOT/RPL) से अनुदेशक प्रशिक्षण उत्तीर्ण<br>संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग (पॉलिटेक्निक) डिप्लोमा<br>संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग स्नातक/स्नातकोत्तर<br>स्नातकोत्तर (एमई/एम.टेक.) हेतु अतिरिक्त अंक प्रदाय नहीं होंगे। | 03 अंक<br>02 अंक<br>05 अंक<br>– |
| 3 | अनुभव | शासकीय आईटीआई या NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त आईटीआई में प्रशिक्षण कार्य हेतु प्रति वर्ष 4 अंक (छः माह से कम हेतु 0 अंक, छः माह से एक वर्ष तक 4 अंक) | अधिकतम 20 अंक |

**नोट :–**

- आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन में Base Qualification का चयन करना होगा।
- उच्चतर अर्हता में से यदि किसी अर्हता को विहित अर्हता (Base Qualification) माना गया हो तो उस उच्चतर अर्हता के अतिरिक्त अंक प्राप्त नहीं होंगे।
- निजी आईटीआई के अनुभव प्रमाण पत्र के साथ EPF/ESCI स्लिप बैंक स्टेटमेंट देने पर ही मान्य होगा।.

MPPLR

कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)
Ph: +91-761-2997584 E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com

**10. कार्यग्रहण :—**

वरीयता सूची में प्रथम स्थान के आवेदक निर्धारित तिथि तक संबंधित आईटीआई में आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं दो सेट छायाप्रति लेकर कार्यग्रहण हेतु उपस्थित हो सकते है। यदि किसी आवेदक का एक से अधिक स्थानों की वरीयता सूची में प्रथम स्थान है ऐसी दशा में वे किसी भी एक स्थान पर निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण कर सकते हैं, एक स्थान पर कार्यग्रहण करने पर अन्य स्थानों पर से उनकी उम्मीदवारी समाप्त हो जावेगी तथा वरीयता क्रम में अगले आवेदक को कार्यग्रहण हेतु उपस्थित होना होगा।

प्रथम चरण में वरीयता क्रमानुसार संबंधित आवेदक द्वारा कार्यग्रहण ना करने पर अगले चरण में अगले आवेदक को कार्यग्रहण हेतु उपस्थित होना होगा। निर्धारित समयावधि में कार्यग्रहण ना करने पर उम्मीदवारी समाप्त हो जावेगी। तीनों चरणों के उपरांत भी स्थान रिक्त होने की दशा में आईटीआई द्वारा वरीयता सूची के आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

कार्यग्रहण किये आवेदकों द्वारा त्यागपत्र देने की दशा में वरीयता सूची से आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा। वर्तमान विज्ञापन की प्रक्रिया में आवेदित आवेदकों की वरीयता सूची प्रथमतः छः माह तक वैध होगी जिसे आवश्यकतानुसार आगामी छः माह तक वृद्धि की जा सकेगी। संबंधित आईटीआई द्वारा आवश्यकतानुसार वरीयता सूची के आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

आईटीआई में आवेदकों के कार्यग्रहण की जानकारी, संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में प्रेषित करेंगे,इस हेतु प्राचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा किसी भी एक कर्मचारी को नामांकित किया जावेगा, नामांकित कर्मचारी द्वारा आवेदकों के आवेदन एवं संबंधित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से परीक्षण कर एक सेट छायाप्रति आईटीआई में जमा करेगा।

आईटीआई में स्थानांतरण/नवीन पदस्थापना तथा अन्य कारणों से विज्ञापन में दिए पद भरे जा सकते हैं, अतः वरीयता सूची के आवेदक सूची प्रकाशन के पश्चात संबंधित आईटीआई में समय–सीमा में उपस्थित होकर इस बाबत पुष्टि कर लेवें कि पद रिक्त है अथवा नहीं, पद रिक्त ना होने पर वरीयता अनुसार अन्य आईटीआई से संपर्क कर कार्यग्रहण करें।

नियमित प्रशिक्षण अधिकारी की नियुक्ति/स्थानान्तरण या पदोन्नति आदि से पद की पूर्ती होने की स्थिति में कार्य ग्रहण करने के मान से कनिष्ठ मेहमान प्रवक्ता का आमंत्रण स्वतः समाप्त हो जावेगा।

**11. मानदेय :—**

ट्रेड एवं ड्राइंग गणित के पद हेतु अधिकतम राशि रुपये 20,000/— प्रतिमाह मानदेय के रुप में दिया जायेगा।

$$\text{मानदेय} = \frac{\text{उपस्थित दिवस की संख्या}}{\text{माह के कुल कार्य दिवस की संख्या}} \times 20,000$$

**12. कार्य अवधि**

अधिकतम 11 माह अथवा सत्र समाप्ति तक अथवा नियमित पदस्थापना/स्थानांतरण अथवा अन्य शासकीय कारणों से पद भरे जाने तक।

MPPLR

# कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
# जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश

प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

**Ph: +91-761-2997584** **E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com**


## मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु इंडेक्स

**आवेदित संस्था का नाम :–**

**व्यवसाय का नाम :–**

| स.क्रं. | दस्तावेजों का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संचयी योग |
|---|---|---|---|
| 1 | मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु आवेदन | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 2 | हाई स्कूल की अंकसूची | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 3 | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 4 | विज्ञापन अनुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं की अंकसूचियां एवं प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 5 | विज्ञापन अनुसार उच्चतर योग्यता की अंकसूचियां एवं प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 6 | विज्ञापन अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.04.2026 तक जारी प्रमाण पत्र) | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 7 | मध्यप्रदेश का मूल निवासी स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति । (प्रमाण पर में गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.04.2026 तक का जारी प्रमाण पत्र) | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 8 | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी. म. प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने का दिलांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के आरी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17. 04.2026 तक का जारी प्रमाण पत्र) | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 9 | दिव्यांग होने की स्थिति में दिव्यांगता का प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति। दिनांक 17.04.2026 तक का प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है) | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 10 | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र । कोई एक (आधार कार्ड/मतदाता परिचय पत्र पेन कार्ड/बैंक पासबुक की प्रति शासकीय कर्मचारी होने पर नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| 11 | अन्य दस्तावेज जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहते है। | पृष्ठ क्र.....से.....तक | |
| | | योग :– | |

# कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
# जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश

प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)

**Ph: +91-761-2997584** **E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com**


## मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु आवेदन का प्रारूप

प्रति,
संयुक्त संचालक,
कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर,
दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002

---

1 आवेदित संस्था का नाम–...........................................................................................

2 आवेदित व्यवसाय का नाम–...........................................................................................

3 आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम–...........................................................................................

हिंदी में...........................................................................................

अंग्रेजी में ...........................................................................................

4. पिता/पति का नाम...........................................................................................

5. आवेदक की जन्म तिथि (जन्म प्रमाण पत्र हाई स्कूल की अंकसूची अनुसार छायाप्रतियां संलग्न करें)

| दिन | माह | वर्ष |
|---|---|---|
| | | |

6. दिनांक 01.04.2026 को आयु

| दिन | माह | वर्ष |
|---|---|---|
| | | |

7. आवेदक आवेदिका का लिंग (पुरुष/महिला/अन्य)..

8. दिव्यांगता की श्रेणी एवं दिव्यांगता का प्रतिशत(यदि लागु हो )..

(न्क्प्क प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां संलग्न करें)

9. आवेदक आवेदिका की जाति (**SC/ST/OBC/UR**)

(जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां संलग्न करें)

10. वर्तमान डाक का पता...........................................................................................

11. स्थाई पता...........................................................................................

ग्राम.............................................शहर......................................जिला..............................राज्य .....................पिन कोड...................

12. मूल निवासी स्थान...........................................................................................

(मप्र मूल निवासी प्रमाण पत्र छायाप्रतियां संलग्न करें)

13.शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं का विवरण...........................................................................................

(प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें)

| क्रं. | परीक्षा का नाम | संस्था बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल/मैट्रिकुलेशन | | | | | | |
| 2 | इंटरमीडिएट/हायर सेकेंडरी | | | | | | |
| 3 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं | | | | | | |
| 4 | उच्चतर योग्यता– | | | | | | |

कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)
Ph: +91-761-2997584 E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com


14. विहित अर्हता (**Base Qualification**)...........................................................................
नोट :–
आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन में **Base Qualification** का चयन करना होगा।
• उच्चतर अर्हता में से यदि किसी अर्हता को विहित अर्हता (**Base Qualification**) माना गया हो तो उस उच्चतर अर्हता के अतिरिक्त अंक प्राप्त नहीं होंगे।

15.विज्ञापन अनुसार वांछित अनुभव यदि मांगा गया है तो उसका विवरण यहां अंकित करें –
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
(यह सुनिश्चित किया जावे कि अनुभव प्रमाण पत्र में जारीकर्ता संस्थान का जावक क्रमांक जारी करने की तिथि एवं तालिका में अंकित समस्त जानकारी स्पष्टत– उल्लेखित हो तथा जारीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर पदमुद्रा तथा संस्थान का ई–मेल आई.डी. एवं सम्पर्क नम्बर आदि अंकित हो)

| धारित पद का नाम | विभाग/ संस्था का नाम | अवधि का विवरण | | | वेतन/ परिलब्धियां | अनुभव अवधि में कार्य दायित्व का संक्षिप्त विवरण | संस्थान शासकीय अर्द्ध शासकीय अन्य है (ब्यौरा दें) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | कुल वर्ष | | | |
| | | | | | | | |

नोट :– निजी आईटीआई के अनुभव प्रमाण पत्र के साथ **EPF/ESCI** स्लिप/बैंक स्टेटमेंट देने पर ही मान्य होगा।

16. आवेदक का आधार कार्ड नंबर..........................
(छायाप्रतियां संलग्न करें)

17. ई–मेल आई.डी..............................
18. मोबाइल नम्बर 1..............................................2.................................

आवेदक नाम एवं हस्ताक्षर
स्थान.......................................

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। यह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। कोई भी जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जाए ।

आवेदक नाम एवं हस्ताक्षर
स्थान.......................................

कार्यालय संयुक्त संचालक, कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय,
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर, मध्यप्रदेश
प्रशासनिक भवन, द्वितीय तल, संभागीय आईटीआई परिसर, दमोह रोड, माढ़ोताल, जबलपुर (म.प्र.)
Ph: +91-761-2997584
E-MAIL: jabalpurzonejd2011@gmail.com

## मेहमान प्रवक्ताओं हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु समय सारणी :-

| स.क्र. | गतिविधि / विवरण | महत्वपूर्ण तिथि |
|---|---|---|
| 1 | संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित करना। | 15 अप्रैल 2026 |
| 2 | आवेदन करने की आरंभ तिथि। | 15 अप्रैल 2026 |
| 3 | आवेदन करने की अंतिम तिथि। | 21 अप्रैल 2026 |
| 4 | समिति द्वारा आवेदन जाँच किये जाने की तिथि। | 22 अप्रैल 2026 |
| 5 | समिति द्वारा मेरिट सूची प्रदर्शन करना। | 24 अप्रैल 2026 |
| 6 | मेरिट सूची अनुसार प्रथम चरण हेतु कार्यग्रहण। | 01 अप्रैल 2026 |
| 7 | मेरिट सूची अनुसार द्वितीय चरण हेतु कार्यग्रहण। | 08 मई 2026 |
| 8 | मेरिट सूची अनुसार तृतीय चरण हेतु कार्यग्रहण। | 15 मई 2026 |

MPPLR

संयुक्त संचालक
कौशल विकास क्षेत्रीय कार्यालय
जबलपुर क्षेत्र जबलपुर (म.प्र.)